No. of Questions – 23
No. of Printed Pages – 11

**SS-31-Bus. Studies**

# उच्च माध्यमिक परीक्षा, 2023
# SENIOR SECONDARY EXAMINATION, 2023
## व्यवसाय अध्ययन
## BUSINESS STUDIES

**समय : 3 घण्टे 15 मिनिट**

**पूर्णांक : 80**

**परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :**

***GENERAL INSTRUCTIONS TO THE EXAMINEES :***

1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न पत्र पर अपना नामांक अनिवार्यतः लिखें।

   Candidate must write first his / her Roll No. on the question paper.

2) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

   **All** the questions are compulsory.

3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें।

   Write the answer to each question in the given answer-book only.

खण्ड – अ

## SECTION A

1) नीचे दिये गये प्रश्नों में से सही विकल्प का चयन कर दी गई उत्तर पुस्तिका में लिखिए [12×1=12]

Choose and write the correct option for the following questions in the given answer-book :

i) प्रबन्ध का महत्त्व हैं –

अ) विशिष्टीकरण  ब) कार्यात्मक विभक्तीकरण

स) गतिशील संगठन का निर्माण  द) संगठन का आकार

Importance of management is -

A) Specialisation  B) Functional differentiation

C) Creates a dynamic organisation  D) Size of organisation

ii) नियोजन है –

अ) अविरत  ब) मध्यकालिक

स) अल्पकालिक  द) दीर्घकालिक

Planning is -

A) Continuous  B) Middle-term

C) Short-term  D) Long-term

iii) नियुक्तिकरण के पहलू है –

अ) दो  ब) तीन

स) चार  द) पाँच

Staffing aspects are -

A) Two  B) Three

C) Four  D) Five

iv) सेबी को वैधानिक निकाय का दर्जा दिया गया –

अ) 1992 ब) 2000

स) 1988 द) 1995

The SEBI was given a statutory status on -

A) 1992 B) 2000

C) 1988 D) 1995

v) अभिप्रेरणा प्रक्रिया का प्रथम चरण है –

अ) असन्तुष्ट आवश्यकताएं ब) तनाव

स) आवेग द) तनाव में कमी

The first step of motivation process is -

A) Unsatisfied need B) Tension

C) Drives D) Reduction of tension

vi) विपणन मिश्र के तत्त्व है –

अ) एक ब) दो

स) तीन द) चार

The elements of marketing mix are -

A) One B) Two

C) Three D) Four

vii) अंगूरीलता संम्प्रेषण में सबसे अधिक लोकप्रिय है –

अ) गपशप ब) इकहरी श्रृंखला

स) समूह द) संम्भाव्यता

The most popular in grapevine communication is -

A) Gossip B) Single strand

C) Cluster D) Probability

viii) आवर्त अनुपात का उदाहरण है –

अ) चालू अनुपात ब) देनदार बिक्री अनुपात

स) स्वामित्व अनुपात द) शीघ्र अनुपात

An example of turnover ratio is -

A) Current ratio B) Debtors turnover ratio

C) Proprietary ratio D) Quick ratio

ix) प्रभावी सम्प्रेषण की संकेतिक बाधा है –

अ) तकनीकी विशिष्ट शब्दावली
ब) अपरिपक्व मूल्यांकन
स) पदवी
द) नियम

The semantic barriers of effective communication is -

A) Technical jargon
B) Premature evaluation
C) Status
D) Rules

x) नियन्त्रण का महत्त्व है –

अ) सतत् प्रक्रिया
ब) नियोजन अभिमुखी
स) कार्य में समन्वय की सुविधा
द) गत्यात्मक क्रिया

Importance of control is -

A) Continuous process
B) Plan oriented
C) Facilitating co-ordination in action
D) Dynamic activity

xi) उपभोक्ता के दृष्टिकोण से उपभोक्ता संरक्षण का महत्त्व है –

अ) सामाजिक उत्तरदायित्व
ब) समाज के संसाधनों का उपयोग
स) सरकारी हस्तक्षेप
द) असंगठित उपभोक्ता

Consumer protection is important from the consumer point of view -

A) Social responsibility
B) Utilisation of resources of society
C) Government intervention
D) Unorganised consumers

xii) प्रबन्धकीय नियन्त्रण की आधुनिक तकनीक है –

अ) सांख्यिकीय प्रतिवेदन
ब) समविच्छेद बिन्दु विश्लेषण
स) विनियोगों पर आय
द) बजटीय नियन्त्रण

Modern technique of managerial control is -

A) Statistical report
B) Break-even point analysis
C) Return on Investment
D) Budgetary control

2) रिक्त स्थानों की पूर्ति करते हुए उत्तर–पुस्तिका में लिखिए : [6×1=

Fill in the blanks and write in the answer-book :

i) ............. में निर्णय रचना निहित है।

_______ involves decision making.

ii) चयन प्रक्रिया में ............. को चयन करना है।

In selection process choosing the _______.

iii) पूँजी बाजार को ............. भागों में बाँटा जा सकता है।

The capital market can be divided into _______ parts.

iv) निर्देशन कर्मचारियों का ............... करता है।

Directing ________ employees.

v) उपभोक्ता मामलों का विभाग (भारत सरकार) उपभोक्ताओं में जागरूकता पैदा करने के लिए '.............' अभियान चला रहा है।

Department of consumer affairs, (GOI) has been undertaking ________ campaign, for generating awareness among consumers.

vi) .................. ऊपर से नीचे की तरफ प्रवाहित होता है।

________ flow from top to bottom.

अति लघुत्तरात्मक प्रश्न :

Very Short Answer Type Questions :

3) निम्न प्रश्नों के उत्तर एक पंक्ति में दीजिए : [12×1=12]

Answer the following questions in one line :

i) "प्रबन्ध एक सर्वव्यापी क्रिया है।" कैसे?

"Management is all pervasive activity." How?

ii) विभेदात्मक पारिश्रमिक प्रणाली का अर्थ बताइए।

Mention the meaning of differential piece wage system.

iii) नियोजन में 'प्रक्रिया' का क्या अर्थ है?

What is the meaning of 'Procedure' in planning?

iv) आपकी राय में प्रभागीय संगठन ढांचा कहां उपयुक्त है?

In your opinion, where the divisional organisation structure is suitable?

v) कर्मचारियों के चयन में 'बुद्धि परीक्षा' को स्पष्ट कीजिए।

Explain the 'Intelligence Test' in selection of employees.

vi) अभिप्रेरणा एक लक्ष्य आधारित व्यवहार को जन्म देती है, एक उदाहरण दीजिए।

Motivation produces goal directed behaviour. Give an example.

vii) प्राथमिक बाजार का दूसरा नाम क्या है?

What is the other name of primary market?

viii) कार्यात्मक संगठन ढांचे का अर्थ लिखिए।

Write the meaning of functional structure of organisation.

ix) उपभोक्ता जागरूकता का अर्थ बताइए।

Mention the meaning of consumer awareness.

x) आपकी राय में, संगठन का एक महत्त्व लिखिए।

In your opinion, write an importance of organisation.

xi) सेबी का एक 'नियमनकर्ता' कार्य लिखिए।

Write a 'regulatory' function of SEBI.

xii) विज्ञापन सामाजिक मूल्यों में कमी कैसे करता हैं?

How does advertisement undermines in social values?

## खण्ड – ब

## SECTION - B

लघुत्तरात्मक प्रश्न : प्रश्न सं. 4 से 16 तक प्रत्येक दो अंक का है : [13×2=26]

Short answer type questions. Question Nos. 4 to 16 are of two marks each.

4) पेशे की किन्हीं दो विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए। [1+1=2]

Explain any two characteristics of profession.

5) 'कार्य पद्धती अध्ययन' क्या है? [2]

What is the 'Work method study'?

6) पैकेजिंग के दो स्तरों को लिखिए। [1+1=2]

Write two levels of packaging.

7) राष्ट्रीय आयोग को संक्षेप में समझाइए। [2]

Explain the 'National commission' in brief.

8) वित्तीय निर्णय के अन्तर्गत निवेश सम्बंधी निर्णय को स्पष्ट कीजिए। [2]

Explain the investment decision under the financial decision.

9) अधिकार अन्तरण व विकेन्द्रीकरण में निम्न बिन्दुओं के आधार पर अन्तर स्पष्ट कीजिए। [1+1=2]

अ) स्थिति ब) क्षेत्र

Explain the difference between delegation and decentralisation.

a) Status b) Scope

10) एक प्रबन्धक के रूप में, नियन्त्रण प्रक्रिया के प्रथम दो चरणों को स्पष्ट कीजिए। [1+1=2]

As a manager, explain the first two steps of controlling process.

11) पूँजीगत वस्तुओं का वर्गीकरण चार्ट द्वारा कीजिए। [2]

Classify the capital items by the chart.

12) औपचारिक सम्प्रेषण के निम्न तंत्रों को चार्ट द्वारा प्रदर्शित कीजिए – [1+1=2]

अ) चक्र ब) गोला

Show the following networks of formal communication through a chart -

a) Wheel b) Circular

13) उपभोक्ता के निम्न अधिकारों को समझाइए – [1+1=2]

अ) आश्वस्त होने का अधिकार

ब) सुनवाई का अधिकार

Explain the following rights of consumer -

a) Right to be assured

b) Right to be heard

14) आपकी राय में कुशलता का अर्थ बताइए। [2]

In your opinion, mention the meaning of efficiency.

15) कार्यशील पूंजी की आवश्यकता को प्रभावित करने वाले निम्न घटकों को समझाइए – [1+1=2]

अ) व्यवसाय चक्र

ब) मौसमी कारक

Explain the following factors to affecting requirement of working capital -

a) Business cycle

b) Seasonal factors

16) वैयक्तिक विक्रय के दो लाभों को लिखिए। [1+1=2]

Write two merits of personal selling.

## खण्ड – स

## SECTION - C

प्रश्न सं. 17 से 20 तक प्रत्येक तीन अंक का है : [4×3=12]

Question Nos. 17 to 20 are of three marks each.

17) एक वित्तीय प्रबंधक के रूप में प्राथमिक एवं द्वितीयक बाजार में कोई तीन अन्तर बताइए। [3×1=3]

As a financial manager, mention any three differences between primary and secondary market.

18) विमुद्रीकरण का मुद्रा/ब्याज दरों पर प्रभाव बताइए। [3

Mention the impact of money/interest rates of demonetisation.

19) एक प्रबन्धक के रूप में नियोजन प्रक्रिया के प्रथम तीन चरणों को समझाइए। [3×1=3

As a manager, explain first three steps of planning process.

20) आपकी राय में, औपचारिक संगठन के दोषों को बताइए। [3

In your opinion, mention the disadvantages of formal organisation.

## खण्ड – द

## SECTION - D

प्रश्न सं. 21 से 23 तक प्रत्येक चार अंक का है : [3×4=12]

Question Nos. 21 to 23 are of four marks each.

21) प्रबन्धकीय सिद्धांतों के रूप में 'आदेश की एकता' व 'निर्देश की एकता' में कोई दो अन्तर स्पष्ट कीजिए। [2+2=4]

Clarify the two differences between 'Unity of command' and 'Unity of direction' as the managerial principle.

अथवा/OR

प्रबन्ध के सिद्धान्तों के महत्त्व के किन्हीं चार बिन्दुओं को स्पष्ट कीजिए। [4×1=4]

Explain any four points of importance of principle of management.

22) एक प्रबंधक के रूप में, 'चयन' व 'स्थापन एजेन्सी' को स्पष्ट कीजिए। [2+2=4]

As a manager, clarify the 'selection' and 'placement agencies'.

अथवा/OR

एक प्रबंधक के रूप में, भर्ती व प्रतिक्षा सूची को समझाइए। [2+2=4]

As a manager, explain the 'Recruitment' and casual callers.

23) 'स्थाई पूंजी' एवं वित्तीय नियोजन का अर्थ समझाइए। [2+2=4]

Explain the meaning of 'Fixed Capital' and Financial Management.

अथवा/OR

पूंजी संरचना को प्रभावित करने वाले 'ब्याज आवरण अनुपात' एवं 'ऋण सेवा आवरण अनुपात' का वर्णन कीजिए। [2+2=4]

Describe the 'Interest coverage ratio' and 'debt service coverage ratio' affecting the capital structure.